तुझे कब से पुकारे तेरा ताल आजा माँ शेरोवाली भजन लिरिक्स

तुझे कब से पुकारे तेरा ताल आजा माँ शेरोवाली भजन

माँ शेरोवाली आजा मेहरो वाली,
तुझे कब से पुकारे तेरा लाल
आजा माँ शेरोवाली,
वारु तुझपे मैं पूजा के थाल
आजा माँ शेरो वाली,
माँ शेरोवाली आजा मेहरो वाली,

लगते है झूठे माँ सहारे सारे जग के,
रोना है मुझे तेरे चरणों से लग के,
मेरे आंसू कहेंगे मेरा हाल
आजा माँ शेरो वाली,

भक्ति में तेरी मैंने जीवन की शाम की,
पल पल जपी है मैया माला तेरे नाम की,
मेरी भक्ति का कर के ख्याल
आजा माँ शेरो वाली,

वारु तुझपे मैं पूजा के थाल,
आजा माँ शेरो वाली,
माँ शेरोवाली आजा मेहरो वाली,